अधिकारियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही कर रही है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के॰ पी॰ सिंह देव): (क) दूरदर्शन केन्द्र, पटना द्वारा अपना कार्य आरम्भ करने के अब तक इसमें कोई नैमित्तिक कर्मचारी काम पर नहीं लगाया गया है।

(ख) से (ङ) प्रश्न नहीं उठते।

Doordarshan Vieworship

6515. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state what is the viewership of different Doordarshan Channels?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K.P. SINGH DEO): No figure can be indicated since the viewership varies programme/channel wise.

Revision of Broadcasting/Telecasting -code for Air/Doordarshan

6516. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government have any proposal to review the broadcasting/ telecasting code for All India Radio and Doordarshan; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K.P. SINGH DEO): (a) Not at present, Sir.

(b) Docs not arise.

आकाशवाणी के प्रादेशिक भाषाओं में समाचार बुलेटिन

6517. **श्री गोविन्दराव आदिक:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि आल इंडिया रेडियो द्वारा दिल्ली से अलग-अलग भारतीय भाषाओं में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाते हैं और संबंधित राज्य उन समाचार बुलेटिनों को संबद्ध भाषाई क्षेत्रों में पुनः प्रसारित करते हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि चूंकि ये सभी समाचार बुलेटिन दिल्ली से प्रसारित किए जा रहे हैं इसलिए सभी राज्य इन समाचार बुलेटिनों को प्राइम-टाइम पर पुनः प्रसारित नहीं कर पाते;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार भविष्य में संबंधित राज्यों की राजधानियों में स्थित आकाशवाणी केन्द्रों से इन सभी समाचार बुलेटिनों को प्रसारित करने का विचार रखती है;

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के॰पी॰ सिंह देव): (क) जी, हां। संबंधित भाषाई क्षेत्रों में आकाशवाणी केन्द्र विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में बुलेटिन रिले करते हैं।

(ख) जी, नहीं।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) ये बुलेटिन राष्ट्रीय प्रकृति के हैं और इसलिए इन्हें दिल्ली से आरम्भ किया जाना अपेक्षित है ताकि वे एक राष्ट्रीय परिदृश्य बनाए रख सकें।

हिन्दी समाचार बुलेटिन

6518. **श्री गोविन्दराव आदिक:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि आकाशवाणी तथा दूरदर्शन से प्रसारित होने वाले हिन्दी समाचार बुलेटिनों में अंग्रेजी के अनेक शब्दों का प्रयोग किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है;

(ग) क्या सरकार हिन्दी समाचार बुलेटिनों को केवल हिन्दी के शब्दों का प्रयोग करके प्रसारित करने हेतु कदम उठाने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?